बदलते जमाने का अखबार
पीपुल्स समाचार

राधारमण आयुर्वेद कॉलेज की छात्रा का शोध सीसीआरएएस में चयनित

आयुर्वेद उपचार पद्धतियों के प्रभाव पर है केंद्रित

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
editor@peoplessamachar.co.in

राधारमण आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज की छात्रा पल्लवी पाल का शोध प्रस्ताव सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन आयुर्वेद एंड सिद्धा (सीसीआरएएस) नई दिल्ली द्वारा आयोजित 'स्पार्क-4.0' के लिए राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुआ है।

सीसीआरएएस आयुष मंत्रालय की अनुसंधान संस्था है। देशभर से प्राप्त प्रस्तावों में पल्लवी का 100 चयनित शोध में शामिल है। यह शोध द्रव्यगुण विभाग के सह-प्राध्यापक डॉ. दर्पण गॉगिल के मार्गदर्शन में तैयार किया गया है, जो आयुर्वेदिक उपचार पद्धतियों की प्रभावशीलता पर केंद्रित है। इस अवसर पर मिश्रा, प्राचार्य डॉ. भूपेंद्र मिश्रा एवं उप-प्राचार्य डॉ. प्रमेंद्र रघुवंशी ने छात्रा को बधाई दी। राधारमण ग्रुप के अध्यक्ष इंजी. संजीव राधारमण सक्सेना ने कहा कि यह सफलता छात्रा की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और संस्थान के उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है। राधारमण ग्रुप विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शोध के बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

पल्लवी पाल